11

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0 खान
आई.ए.एस.

अपील संख्या 105/2020

द सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह शेखावत, निवासी वार्ड नं0 17, ग्रा0पो0 सुलताना, तहसील चिडावा, जिला झुंझुनूं।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चिडावा।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 12.11.2020

पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 21.10.2020 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 105/2020 पर दिनांक 21.10.2020 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चिडावा के विरूद्व पेश की गई है।

अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चिडावा को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई। लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चिडावा से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2020/1740–1741 दिनांक 21.10.2020 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चिडावा ने पत्रांक उपखण्ड/आरटीआई/2019/3119 दिनांक 05.11.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी जितेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, ग्राम पोस्ट सुलताना वार्ड नं0 17 सुलताना, तहसील चिडावा को इस कार्यालय के पत्र कमांक न्याय/20/3043 दिनांक 13.10.2020 जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचना भिजवा दी गई है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।

अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चिडावा द्वारा पत्रांक उपखण्ड/आरटीआई/2019/3119 दिनांक 05.11.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी जितेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, ग्राम पोस्ट सुलताना वार्ड नं0 17 सुलताना, तहसील चिडावा को उनके कार्यालय के पत्र कमांक न्याय/20/3043 दिनांक 13.10.2020 जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचना भिजवा दी गई है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।

अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 12.11.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यू0डी0 खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं
12/11/2020